खाटू वाले तेरा जवाब नहीं

खाटू वाले खाटू वाले,
खाटू वाले तेरा जवाब नहीं ॥
कब दे क्या दे हिसाब नहीं,
तेरी मेहरबानियों का जवाब नहीं,

तेरा डंका बाजे जग में खाटू वाले खाटू वाले,

तेरे रंग प्रभु कैसे कैसे तेरे दीवाने है हम जैसे,
तूने हम जैसो को प्यार दिया प्रभु प्यार दिया उपकार दिया,
दुःख में नहीं कोई हमारा हारे का तू ही सहारा,
तुझे सँवारे ने दिया है ख़िताब यही,
खाटू वाले तेरा जवाब नहीं....

तेरे चरणों में मैं गुजर करू,
दिन रात तुम्हरा शुक्र करू,
तेरी मर्जी है जैसे रखे,
हर हल में बाबा सबर करू,
ये दुनिया है एक सपना सच्चा साथी तू अपना,
मैंने बस देखा प्रभु खवाब यही,
खाटू वाले तेरा जवाब नहीं......

तू देव बड़ा दिलवाला है हम दीनो का रखवाला है,
तू शीश का बाबा दानी है तेरा जग में कोई ना सहानी है
कलयुग का देव कहाये तेरी महिमा जग ये गाये,
रोमी पे दया तेरीबेहिसाब रही,
खाटू वाले तेरा जवाब नहीं........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4013/title/khatu-vaale-tera-jawab-nhi-kab-de-kya-de-hisab-nhi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |